प्रादेशिक समाचार
22.01.2025 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के दस वर्ष पूरे, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा–विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने में महिलाओं का सशक्तिकरण महत्वपूर्ण।

2. केंद्र सरकार ने कच्चे पटसन के एमएसपी में 315 रुपये की बढ़ोतरी की, 40 लाख परिवारों को मिलेगा लाभ।

3. राज्य भर में आज पुलिस प्रशासन की ओर से जनशिकायत समाधान कार्यक्रम किया गया आयोजित, आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं पुलिस के सामने रखीं।

4. बोकारो में नक्सलियों से हुई मुठभेड़ में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, दो नक्सली ढेर, हथियार बरामद।

5. रांची में महिला हॉकी इंडिया लीग में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का रोमांचक मुकाबला दिल्ली एसजी पाइपर्स से जारी और पुरुष वर्ग में दिल्ली एसजी पाइपर्स का मुकाबला सूरमा हॉकी क्लब से होगा।

******************

केन्द्र सरकार आज बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ मना रही है। लिंग आधारित प्रथाओं को रोकने और बालिकाओं में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस योजना की शुरुआत 22 जनवरी 2015 में की गई थी। इस अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में कार्यक्रम आयाजित किये गये। इस कार्यक्रम में अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह अभियान बेटियों के प्रति समाज को जागरूक करने एक माध्यम है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने में महिलाओं का सशक्तिकरण काफी महत्वपूर्ण है।

******************

केंद्र सरकार ने विपणन सत्र 2025–26 के लिए कच्चे पटसन के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी बढ़ाने का निर्णय लिया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज नई दिल्ली में कैबिनेट फैसलों के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि कच्चे पटसन के लिए प्रति क्विंटल पांच हजार 6 सौ 50 रुपये का एमएसपी प्रदान किया जाएगा जो पिछले विपणन सत्र 2024–25 की तुलना में 315 रुपये अधिक है। उन्होंने कहा कि इससे 40 लाख परिवारों को मदद मिलेगी, जो प्रत्यएक्ष या परोक्ष रूप से पटसन उद्योग पर निर्भर हैं।

******************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ और पूर्व मंत्री अर्जुन मुंडा ने खूंटी के बुंडू में भारत माता मंदिर का लोकार्पण किया है। समारोह में भारत माता की मूर्ति का अनावरण किया। मौके पर मंत्री संजय सेठ ने भारतीय सभ्यता और धार्मिक आस्था को देवी–देवताओं से जुड़ा बताया।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा और केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा ने गुमला जिले के डुमरी प्रखंड में 3 फरवरी को आयोजित होने वाले सिरसी–ता–नाले दर्शन यात्रा में सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया।

******************

जनता की समस्या के समाधान के लिए राजधानी रांची समेत सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजधानी रांची के पुलिस लाइन में आयोजित इस कार्यक्रम में आईजी मनोज कौशिक, डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता समेत सभी डीएसपी और थाना प्रभारी मौजूद रहे। मौके पर डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि इस समाधान शिविर के माध्यम से पूर्व में प्राप्त आवेदनों की गुणवत्ता की जांच की गई। साथ ही आज मिले आवेदनों का भी निपटारा किया गया।

*******************

उधर पलामू जिले के पांचों अनुमंडल में जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन पुलिस की ओर से किया जा रहा है।

*******************

इधर रामगढ़ में भी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में थानों और आउटपोस्ट के काउंटर पर लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं।
वहीं पाकुड़, लोहरदगा, गिरिडीह, हजारीबाग और धनबाद में भी जन शिकायक समाधान कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया।

*******************

बोकारो जिले में नवाडीह में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। मुठभेड़ में 15 लाख के इनामी नक्सली रणविजय महतो को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो नक्सली ढेर हो गए। इस दौरान एक एके–47 रायफल और बड़ी संख्या में नक्सली सामान बरामद हुए। डीजीपी अनुराग गुप्ता और आईजी एवी होमकर ने प्रेस वार्ता में इस सफलता की जानकारी दी।

*******************

गढ़वा जिले में थैलेसिमिया पीड़ित बच्चों की सहायता के लिये सदर अस्पताल गढ़वा में थैलेसिमिया डे केयर सेंटर और थैलेसिमिया कार्ड बनाने की पहल शुरू की गयी है।

*******************

रांची में हो रहे हॉकी इंडिया लीग के महिला महिला वर्ग में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का रोमांचक मुकाबला दिल्ली एसजी पाइपर्स से जारी है। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में आज जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का सामना दिल्ली एसजी पाइपर्स से होगा। यह मैच रात सवा आठ बजे शुरू होगा।

*******समाप्त*******